Title: Need to improve telephone services in Giridih, Dhanbad and Bokaro districts in Jharkhand - Laid.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): अध्यक्ष महोदय, झारखण्ड राज्य के गिरिडीह, धनबाद एवं बोकारो जिले के कई टेलीफोन एक्सचेंज ठीक ढंग से कार्य नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण, गोमियां, बेरमों, गिरिडीह, तोपचाँची आदि टेलीफोन केन्द्रों में एस.टी.डी. एवं सामान्य सेवायें बाधित रहती हैं।

धनबाद जिला के बाघमाश प्रखण्ड के धारकिरो ग्राम में नये टेलीफोन कनेक्शन हेतु दो वर्ा पूर्व राशि जमा करायी गयी और उपभोक्ताओं द्वारा औपचारिकताएँ पूरी की गयीं, परंतु आज तक टेलीफोन सेवायें उपलब्ध नहीं करायी गई। शिकायत करने पर विभाग द्वारा गलत जवाब मंत्रालय को भेजा जाता है।

अतः सरकार से आग्रह है कि इस संबंध में एक उच्च स्तरीय जाँच सुनिश्चित किया जाये और उपर्युक्त नामित स्थानों पर नियमित दूरभाा सेवायें प्रदान की जायें।